न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 195/2022

तारीख दायर :– 23/5/2022

अनवान

श्वेता राव पत्नि मयंक राव जाति राव उम्र व्यस्क निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

.........प्रार्थी

बनाम

1. दिलीप कुमार पिता मनोहर लाल जैंन जाति जैन उम्र व्यस्क निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. छीतरलाल पिता हीरालाल जाति धाकड उम्र व्यस्क निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0

........विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक :– 23.5.2022

प्रार्थना पत्र श्वेता राव पत्नि मयंक राव जाति राव उम्र व्यस्क निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा राज0 जरिये अभिभाषक सुनील कुमार जोशी प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भुमि मौजा ग्राम केसुविलास पटवार हल्का जावदा भु अभिलेख निरीक्षक बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया स्थित खाता संख्या 45 पर स्थित आराजी नम्बर 169/10, 170/11, कुल किता 2 रकबा 4–18 बीघा भुमि मुझ प्रार्थी के खातेदारी भुमि दर्ज है।विपक्षीगण आये दिन सीमाओं को लेकर विवाद करते रहते है।अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावे।साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र सलंग्न है।प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया।

पत्रावली में सलंग्न जमाबन्दी 2074–2077 के अवलोकन में प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार/गैरखातेदार काश्तकार है।पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र सलंग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट स्वीकार किया।प्रार्थी की खातेदारी भुमि मौजा ग्राम ग्राम केसुविलास पटवार हल्का जावदा भु अभिलेख निरीक्षक बिजौलियां खुर्द तहसील बिजौलिया स्थित खाता संख्या 45 पर स्थित आराजी नम्बर 169/10, 170/11, कुल किता 2 रकबा 4–18 बीघा भुमि सामलाती दर्ज की बशामलात सभी काश्तकारान एवं पडोसीयान को सुचित करते हुये पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/–रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें।भु0अ0नि0 .... को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है।फीस 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थी मौके पर अदा करेगा।प्रार्थना पत्र निर्णीत होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया।

(सीमा तिवाडी)
उपखण्ड अधिकार
बिजौलियां

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां जि. भीलवाडा